प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 23.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।





## थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा ग्राम सिरसीकला में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन, ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं को मिशनशक्ति अभियान की जानकारी प्रदान कर किया गया जागरुक-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 23.06.2022 को थाना खन्ना जनपद महोबा के ग्राम सिरसीकला के पंचायत भवन में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में महिलाओं एवं बालिकाओं को उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित अभियान मिशन शक्ति के सम्बन्ध में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, पंचायत सदस्य आशा बहू आदि मौजूद रहीं।

इस कार्यशाला में मिशन शक्ति अभियान के अतिरिक्त शासन द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर क्राइम से बचने हेतु सुझाव व साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) को विस्तार से बताया गया व मिशन शक्ति में वूमेन पावर नम्बर (1090) व महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), मुख्यमंत्री सहायतार्थ नम्बर (1076), महिला हेल्पलाइन नंबर (181), पुलिस आपातकालीन (112), एंबुलेंस सेवा (108), स्वास्थ्य सेवा (102 ), फायर सर्विस (101) थाने का सीयूजी नंबर(9454403534) और थाने पर बने महिला हेल्प डेस्क व शासन द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया गया व पंपलेट वितरण किया गया।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

**सोशल मीडिया पर रौब जमाना युवक को पड़ा भारी।**

**सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाले अभियुक्त को थाना चरखारी पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

**अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद।**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 23.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक चरखारी श्री उमापति मिश्र द्वारा टीम का गठन किया गया। जिसमें उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया मय हमराही के द्वारा अवैध तमन्चे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालकर वायरल करने के सम्बन्ध में अभियुक्त नरेश राजपूत पुत्र श्री जगदेव उम्र 25 वर्ष नि.ग्राम करहराखुर्द थाना चरखारी जनपद महोबा को बफरेथा चौराहे से करहराखुर्द तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 177/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया 2. का.लालजीत 3. का. राहुल यादव

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

नरेश राजपूत पुत्र श्री जगदेव उम्र 25 वर्ष नि. ग्राम करहराखुर्द थाना चरखारी जनपद महोबा






# “परिवार परामर्श केन्द्र”

# कमेटी ने परिवारों को बिखरने से बचाया-

आज दिनाँक 23.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में “परिवार परामर्श केन्द्र” कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय की अध्यक्षता में तथा प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला सहित समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पारिवारिक विवाद वाले 04 मामलों को सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझबूझ से पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई, काउंसलिंग के फलस्वरूप 02 जोड़े आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को हुए राजी। अन्य मामलो में अगली तारीख दी गई।

इस परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 पूजा यादव, म0कां0 रेखा देवी, श्रीमती नीतू पालीवाल, श्रीमती विभा पुरवार, श्रीमती अंशु शिवहरे ,समाजसेवी श्री शरद तिवारी दाऊ, श्री शिवकुमार गोस्वामी, मो0 हनीफ, रामजी गुप्ता आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति "जागरूकता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति" जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 23.06.2022 को प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी संगम कुमार द्वारा थाना चरखारी क्षेत्रान्र्तगत नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति "जागरूकता अभियान चलाया गया।

प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी संगम कुमार व प्रभारी निरीक्षक चरखारी उमापति मिश्रा ने संयुक्तरुप से कस्बा चरखारी के मुख्य बाजार में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन पोस्टर-बैनर के साथ किया गया। इस दौरान नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों से आम लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

पुलिस ने समाज में निरंतर फैल रहे नशे को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है। इसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामने आना होगा, नहीं तो समाज को नशे के दुष्परिणामों का सामना करना पड़ेगा

समाज के हर वर्ग से नशा को मिटाने में सहयोग की अपील करते हुए नशामुक्ति अभियान में भागीदारी देने की अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबारियों की सूचना पुलिस की दी जाए।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से शहर क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-




आज दिनांक 23.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों ऊदल चौक ,आल्हा चौक, रोडवेज बस स्टैण्ड, मुख्य बाजार, सर्राफा मार्केट, आदि पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया।

आमजनमानस से संवाद करते हुए सुरक्षा का अहसास कराया गया तथा यातायात नियमों का अनुपालन कराने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। आमजन की यातायात समस्या को देखते हुए दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये, महोदय द्वारा शहर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया व आमजन में सुरक्षा का अहसास भी कराया गया।

भ्रमण के दौरान गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों का चालान भी किया गया।




